Method

HOME SCIENCE

गृह विज्ञान का अर्थ (Meaning of Home Science)

गृह विज्ञान शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है— गृह और विज्ञान। गृह से तात्पर्य वह स्थान जहाँ परिवार रहता है और विज्ञान से तात्पर्य उस ज्ञान से है जो वास्तविक सिद्धान्तों व नियमों पर आधारित है। दोनों शब्द को मिलाकर इस प्रकार परिभाषित कर सकते है। "गृह विज्ञान का अर्थ घर व पारिवारिक जीवन को बेहतर बनाने के लिए वैज्ञानिक ज्ञान को सुव्यवस्थित तरीके से लागू करना है" गृह विज्ञान कला भी है और विज्ञान भी। जब हम भोजन में पाये जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में बतलाते है तो यह विज्ञान है किन्तु जब हम इन पोषक तत्वों का सही उपयोग करते हुए व्यंजन बनाते है, तब यह कला के रूप में रहता है।

गृह विज्ञान का महत्व (Importance of Home Science)

घर परिवार व संसाधनों का उचित उपयोग करने के लिये, आर्थिक सम्बलता आदि के लिये गृह विज्ञान का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है। जीवन मे इसका महत्व इस प्रकार है। —

1. व्यक्तिगत जीवन में महत्व :—

इसमे पढ़ाये जाने वाले सभी विषय व्यक्ति विशेष के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है जिससे उसे जीवन निर्वहन में आसानी होगी।

2. पारिवारिक जीवन के लिए महत्व :—

यह विषय व्यक्तिगत जीवन के लिये ही उपयोगी नही है बल्कि इसमे पढ़ाये जाने वाले विषय मातृकला, गृहप्रबन्ध, वस्त्रविज्ञान, शरीर विज्ञान, सम्पूर्ण परिवार के लिये महत्वपूर्ण है।

Scanned by TapScanner

3. आर्थिक महत्व :-
इस विषय के द्वारा कोई भी व्यक्ति वैतनिक या स्वरोजगार स्थापित करके अपना जीवनयापन करके परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधार सका है।

4. बदलती स्थितियों के अनुकूलन पारिवारिक जीवन को बनाना :-
यह एक ऐसा विषय है जो हम को साहस के साथ बदलते वक्त की चुनौतियों का सामना करने के लिये भी प्रशिक्षित करता है।

Scanned by TapScanner